हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 25 फरवरी 2026

11 दौड़ में मीनू हिसार प्रथम और अंतिम दुधवा द्वितीय



12 परीक्षा में प्रश्नपत्र का फोटो खींचा तो तत्काल...



## चार करोड़ रुपये की लागत से नप लगाएगी शहर के सौंदर्यीकरण को पंख

# चौक-चौराहों पर पानी की फुहारों के साथ म्यूजिक से होगा मनोरंजन

## एलईडी से मिलेगी व्यापारिक प्रतिष्ठानों की जानकारी, चंडीगढ़ जैसा अहसास होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अगर आपको शहर के चौक व चौराहों पर चंडीगढ़ की तर्ज पर पानी की फुव्वारों के साथ धीमी आवाज में म्यूजिक सिस्टम की मधुर धुन सुने तो हैरान मत होना। चूंकि अब भिवानी नगर परिषद ने शहर के सभी चौराहों पर फुव्वारों के साथ म्यूजिक सिस्टम लगाने जा रही है। कुछ चौक चौराहों पर तो इनका कार्य शुरू भी हो चुका है,लेकिन कुछ चौक पर अभी कार्य शुरू होना बाकी है। सभी चौक चौराहों पर नप की तय योजना के हिसाब से कार्य हुआ तो यहां से गुजरने वाले हर व्यक्ति को चंडीगढ जैसा अहसास होगा। वह फिर से शहर में आने की सोचेंगा। नगरपरिषद इस कार्य को अगले दो से तीन माह में पूरी करने की योजना बना रही है।

नगरपरिषद इस योजना के तहत रोहतक गेट पर करीब 40 लाख रुपये की लागत से चौक पर फुव्वारा व म्यूजिक सिस्टम लगवाने की तैयारी कर ली है। यहां पर म्यूजिक सिस्टम व फुव्वारा सिस्टम लगाने के लिए बेस तैयार किया जा रहा है। जल्द ही रोहतक गेट पर पानी की फुव्वारों के साथ म्यूजिक की धीमी धीमी धुन से हर किसी का मनोरंजन होगा। इसी तरह महम गेट पर करीब 15 लाख रुपये, हांसी गेट पर भी 15 लाख, बापौड़ा व जेल बाईपास चौक पर भी इतनी ही राशि से फुव्वारों के साथ म्यूजिक सिस्टम लगाए जाएंगे। जिससे बाहर से आने वाले व्यक्ति का पानी की फुव्वारों व म्यूजिक से स्वागत किया जाएगा।



भिवानी। हांसी गेट पर म्यूजिक सिस्टम लगाने की तैयारी करते कारीगर। फोटो : हरिभूमि

### स्वागत द्वार बनेंगे

नगर परिषद द्वारा रोहतक रोड और हांसी रोड पर स्वागत द्वारा बनाए जाएंगे, जो बाहर से आने वाले लोगों का स्वागत करेंगे। स्वागत द्वार को पहले लोक निर्माण विभाग द्वारा कंक्रीट से बनाए जाने की योजना थी, लेकिन निर्माण में अधिक समय लगने की आशंका के चलते इसे लोहे का बनवाया जाएगा, ताकि जल्द से जल्द पूरा हो सके। इन स्वागत द्वार में शानदार लाइट लगाई जाएंगी, जिनसे स्वागत द्वार व आसपास का क्षेत्र रोशन होगा और सुंदरता भी बढ़ेगी।

### 6 गुणा 5 फुट की एलईडी लगाई जाएगी

योजना के अनुसार नगरपरिषद के आगे एक पोल पर करीब 6 गुणा 5 फुट की एलईडी लगाई जाएगी। इसी तरह घंटाघर चौक, हांसी गेट, रोहतक गेट व नए बस अड्डे के पास बड़ी एलईडी लगाई जाएगी, जिन पर नगर परिषद के साथ-साथ प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा सकेगी। इससे शहर की सुंदरता के साथ-साथ आय भी बढ़ेगी। साथ ही इन एलईडी से शहर के प्रसिद्ध शिक्षण व अन्य तरह के प्रतिष्ठानों के बारे में भी जानकारी मिलती रहेगी। उक्त जगहों पर एलईडी लगाए जाने का कार्य जारी है। जल्द ही इन जगहों पर एलईडी में जानकारी मिलती नजर आएगी।

### डिवाइडर पोल से शहर के सौंदर्यीकरण को लगेंगे पंख

नगरपरिषद ने रोहतक गेट से लेकर हांसी गेट, हांसी गेट से लेकर जुई नहर तक, इसी तरह हांसी गेट से लेकर लोहारू रोड तक सड़क के बीच में डिवाइडर पोल लगवाए जाएंगे। फिलहाल इस जगह पर अब पोल पर लाइटें लगी हुई है। इनकी जगह डिवाइडर पोल लगाए जाएंगे। जिनके अंदर ही लाइट होगी। जिन सड़कों पर डिवाइडर पोल लगाए जाएंगे। उन मार्गो पर डिवाइडर पोल लगाए जाने के लिए ढांचा भी तैयार करना आरंभ कर दिया है। शहर के इन मार्गो पर डिवाइडर पोल पर करीब दो करोड़ रुपये का खर्च आएगा। उक्त कार्य का ठेका भी दे दिया है। ठेकेदार ने इन डिवाईडर पोल को लगाने की के लिए बेस तैयार करने शुरू कर दिए है।

### जन कल्याणकारी नीतियों का होगा प्रचार-प्रसार

नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि योजना के हिसाब से कार्य चला तो अगले कुछ ही महीनों में शहर के सौंदर्यकरण को पंख लग जाएंगे। हर चौक व चौराहे पर फुव्वारों की बूंदों के बीच म्यूजिक सिस्टम की आवाज सुनाई देगी। मुख्य चौक पर सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों का एलईडी से प्रचार व प्रसार किया जाएगा। साथ ही जितने भी शहर के प्रवेश मार्ग है। उन पर डिवाइड पोल के जरिए शहर की सुंदरता को बढाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन सभी कार्यो पर करीब तीन –साढ़े तीन करोड़ रुपये की लागत आएगी। जिसका कार्य शुरू करवा दिया गया है।



बवानीखेड़ा। सार्वजनिक शौचालय के लिए स्थिति का जायजा लेते हुए।

## नपा बनवाएगी बड़ा गौरवा में सार्वजनिक शौचालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

■ निर्माण पर लगभग 8 लाख रुपये आएगा खर्च

बवानीखेड़ा नगर पालिका द्वारा शहर में सार्वजनिक शौचालय बनाने पर बल दिया जा रहा है। ताकि आमजन को दिक्कतों का सामना ना करना पड़े। इसी कड़ी में बड़ा गौरवा क्षेत्र में आमजन की सुविधा हेतु शीघ्र ही सार्वजनिक शौचालय का निर्माण करवाया जाएगा। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री नपा सचिव संदीप गर्ग, एमई पंकज गर्ग जी आदि मौके पर पहुंचे और मौके का निरीक्षण किया।

नपा प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से सार्वजनिक शौचालय की मांग की जा रही थी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक शौचालय के निर्माण से विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों एवं राहगीरों को बड़ी सुविधा मिलेगी तथा स्वच्छता व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। नगर पालिका का उद्देश्य कस्बे के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य को गुणवत्ता एवं समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा, ताकि आमजन को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। नगर पालिका बवानीखेड़ा लगातार स्वच्छता एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए कस्बे के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। नपा प्रधान सुंदर अत्री ने आगे बताया कि वीर शहीद श्री गुलाब सिंह पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान के कोने पर शौचालय का निर्माण करवाया जाएगा। जिसका एक हिस्सा विद्यालय खेल मैदान में खुलेगा। इस प्रकार इसका दोहरा लाभ होगा। इस कार्य के लिए वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है। जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा। इसके निर्माण पर लगभग 8 लाख रूपए खर्च आएगा। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य आनंद शर्मा, प्रवक्ता कमलजीत, अशोक कुमार, बच्चन सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला आज

**भिवानी।** रोजगार विभाग द्वारा रोजगार कार्यालय में 25 फरवरी को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में महिंद्रा लॉजिस्टिक, जीबीटीएल लिमिटिड, मित्तल फोलिफिल, एसआईएस सिक्योरिटी, डेनियल फर्नीचर आदि कंपनियों द्वारा रोजगार के अवसर दिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी डा. कविता ग्रेवाल ने बताया कि विभिन्न कम्पनियों द्वारा चयनित कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार की सुविधाए जैसे कि सैलरी के साथ साथ पीएफ, ऑवरटाइम, चाय-बिस्कुट और उत्पादकता प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। इच्छुक प्रार्थी मेले में भाग अपने साथ रोजगार विभाग का पंजीकरण कार्ड व सभी मूलदस्तावेज लेकर निर्धारित तिथि को 10.00 बजे जिला रोजगार कार्यालय भिवानी में पहुंचे।

### दादा गुसाईं धाम पर कुश्ती दंगल और भंडारा चार को

**बाढ़ड़ा।** प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दादा गुसाईं धाम कालूवाला पर कुश्ती दंगल व भंडारा चार मार्च को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप सांगवान ने दी। उन्होंने बताया कि समाजसेवी नीरज चौधरी व डॉहका दिना, डॉहका मौजी, डॉहका हरिया आदि तीनों गांवों के सहयोग से प्रति वर्ष की भांति चार मार्च धुलंडी पर्व पर गुसाईं धाम कालूवाला पर होने वाले भंडारे में हजारों भक्तजन शरीक होंगे।

## उदिति गर्ग ने यूजीसी-नेट में 99.92 प्रतिशत अंक लिए, 23वीं रैंक मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



■ अग्रवाल वैश्य समाज ने परिवार को दी बधाई

चरखी दादरी के सामाजिक कार्यकर्ता एवं गोसेवक कुलदीप गर्ग की होनहार सुपुत्री कुमारी उदिति गर्ग ने अपनी प्रतिभा, परिश्रम और दृढ़ संकल्प का अद्भुत परिचय दिया और यूजीसी नेट परीक्षा में लाइफ साइंस विषय में 99.92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर देशभर में 23वीं रैंक हासिल की है। इस शानदार सफलता से पूरे क्षेत्र में गर्व और हर्ष का वातावरण है।

उदिति गर्ग की यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि यह चरखी दादरी क्षेत्र ,परिवार और अग्रवाल समाज के लिए गौरव का विषय है। सीमित संसाधनों के बीच अनुशासित अध्ययन, निरंतर अभ्यास और सकारात्मक सोच के बल पर उन्होंने सिद्ध कर दिया कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मन में दृढ़ निश्चय हो, तो कोई भी ऊंचाई असंभव नहीं होती। अग्रवाल वैश्य समाज चरखी दादरी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उदिति गर्ग और उनके समस्त परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## ओबरा के ओम सुशील शर्मा ने वेट लिफ्टिंग में गोल्ड मेडल जीता

### गुजरात में आयोजित राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता में लगातार छह जीत दर्ज कर बनाया रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

बहल क्षेत्र के ओबरा गांव के मूल निवासी सुशील शर्मा के पुत्र ओम सुशील शर्मा ने गुजरात में राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता खेलो महाकुंभ में वेट लिफ्टिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। यही नहीं, ओम शर्मा ने प्रतिस्पर्धा में लगातार छह इवेंट जीतकर अपनी आयु वर्ग में नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

ओम की सफलता पर उसके ओबरा सहित पूरे बहल क्षेत्र में खुशी की लहर है। ओम शर्मा ने यह सफलता 16 से 17 फरवरी को गुजरात सरकार की सालाना राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता खेलो महाकुंभ 3.0 (2026) में वेट लिफ्टिंग में अंडर 17 आयु वर्ग में 67 किला भार वर्ग में जीता है। ओम ने इस इवेंट में लगातार छह मुकाबलों में जीत दर्ज कर एक नया रिकार्ड बना है। उसने इवेंट में स्नेच में 64 किलो व क्लिन एंड जर्क में 76 किलो भार (कुल 140 किलो) भार उठाकर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। इस उपलब्धि से वह अपने शहर वडोदरा (मंजालपुर) का अंडर 17 आयु वर्ग में पहला खिलाड़ी बना है जिसने इस महाकुंभ में स्वर्ण पदक जीता है।



### पिछले साल तीसरे नंबर पर रहा था ओम

इससे पहले ओम ने पिछले साल भी महाकुंभ प्रतियोगिता में भाग लिया था पर उस वक्त वह तीसरे नंबर पर रहा था। तभी से ओम इस प्रतियोगिता के लिए तैयारी में जुटा था। ओम की मेहनत और लगन ने उसे सफलता के पायदान तक पहुंचा दिया। ओम का सपना है कि वह एशियन यूथ गेम्स व कॉमनवेल्थ में देश प्रतिनिधित्व करे। ओम की सफलता पर उसके पिता सुशील शर्मा व माता सोनी शर्मा गदगद है। ओम अपने पांच भाई बहनों में सबसे छोटा है। ओम के पिता करीब 30 साल पहले कारोबार के लिए गुजरात शिफ्ट हो गए थे। वडोदरा के मंजालपुर में प्रिंस अशोक राज गायकवाड़ स्कूल में पढ़ते हुए ओम शुरूआत में क्रिकेटर बनने के सपने देख रहा था। पर, वर्ष 2018 में उसे पेट संबंधी दिक्कतों के चलते बड़े ऑपरेशन से गुजरना पड़ा। कुछ दिन बाद उसने जब अपने आपको फिट करने के लिए जिम ज्वाइन की तो वहां उसकी मुलाकात कोच सन्नी सोमाभाई बावेचा से हुई और उसने वाघोडिया स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, बडोदरा में वेटलिफ्टिंग की शुरूआत की और कड़ी मेहनत के बल पर इस मुकाम तक पहुंचा है।

## गांव कलियाणा की पूजा ने ऑल इंडिया में हासिल की 57वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



सीएसआईआर-नेट दिसंबर 2025 परीक्षा का परिणाम 23 फरवरी को घोषित हुआ, जिसमें काउंसलिंग ऑफ साइंटिफिक एण्ड इंडस्ट्रियल रिसर्च द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में कलियाणा निवासी पूजा सांगवान पुत्री सुरेन्द्र सिंह ने जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) में 99.27 प्रतिशत अंक लेकर देशभर में 57वीं रैंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

इस उपलब्धि से दादरी जिले सहित पूरे प्रदेश में हर्ष और गर्व का वातावरण है। पूजा सांगवान ने बताया कि उन्होंने अपनी बारहवीं कक्षा झोझू कलां स्थित आर्य वमा विद्यालय से उत्तीर्ण की। उन्होंने बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय से एमएससी की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने 18 दिसंबर 2025 को प्रथम प्रयास में ही परीक्षा दी और जेआरएफ प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया। ऑनलाइन कोचिंग कक्षाओं के माध्यम से तैयारी करते हुए उन्होंने अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास के बल पर यह सफलता अर्जित की। पूजा ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने पिता सुरेन्द्र सिंह, माता प्रमिला देवी, नानी सहाब कौर, मामा जयभगवान उर्फ बबलू तथा बड़े भाई दीपक को दिया है।

## मेगा शिविर में ग्रामीणों को मिले कानूनी अधिकार और सरकारी योजनाओं का लाभ : चालिया

■ रोहनात शिविर में एक ही छत के नीचे न्याय और जनसेवा योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मंगलवार को भिवानी के गांव रोहनात स्थित वीर शहीद लज्जो राम राजकीय हाई स्कूल में मेगा विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया ने रिबन काट कर किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण भी किया। सीजेएम-सह-सचिव डीएलएसए पवन कुमार भी मौजूद रहे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक न्याय, सरकारी योजनाओं और मुफ्त कानूनी सहायता की जानकारी पहुंचाना रहा, ताकि जरूरतमंद लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर योजनाओं का अधिकतम लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से लोगों को न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलती है, बल्कि उन्हें मुफ्त कानूनी सहायता भी उपलब्ध करवाई जाती है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सेवाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि न्याय सभी नागरिकों का अधिकार है और डीएलएसए इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है।



### रात को ठंडक व दिन के तापमान में बढ़ोतरी की वजह से नुकसान की आशंका

# सर्द-गर्म की वजह से बिगड़ी गेहूं की तासीर, किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रात को सर्दी और दिन में गर्मी की वजह से फसलों की भी तासीर बिगड़ रही है मौसम में उतार चढ़ाव की वजह से गेहूं की फसल को भी सर्द-गर्म हो गई हैं और उसकी तासीर बिगड़ने के साथ ही किसानों की भी चिंता बढ़ने लगी हैं।

आए दिन किसान पर कोई न कोई संकट मंडराता रहता हैं, कभी बरसात न होने से तो कभी ज्यादा बरसात की वजह से फसलों में नुकसान हो जाता हैं और किसान उसी आर्थिक संकट के मोड़ पर आकर खड़ा होता हैं। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार तापमान में तीन डिग्री की बढ़ोतरी से गेहूं की फसल का संतुलन बिगड़ गया हैं। गेहूं की अगेती फसल अच्छा फुटाव करके पकाव की ओर कदम बढ़ा रही हैं और उसे पूरा समय भी मिल रहा हैं। वहीं पिछले 24 घंटों में तापमान में तीन डिग्री का उछाल आया हैं और अधिकतम तापमान 26 से 29 डिग्री व न्यूनतम तापमान 12 से 15 डिग्री हो गया हैं, जिसकी वजह से गेहूं की तासीर बिगड़ने लगी हैं। इसके साथ ही किसान की भी चिंता बढ़ने लगी हैं।



तापमान में बढ़ोतरी की वजह से गेहूं की पछेती फसल को पकाव के लिए समय कम मिल पाएगा और पैदावार में भी कम बढ़ोतरी हो पाएगी।

### दानों पर ज्यादा असर देखने को मिलेगा,

अचानक तापमान में तीन डिग्री की बढ़ोतरी ने गेहूं की फसल की तासीर बिगाड़ दी हैं। कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि यदि तापमान 30 से 35 डिग्री पर पहुंचता हैं तो गेहूं के दानों पर ज्यादा असर देखने को मिलेगा, नुकसान की आशंका बढ़ेगी।


### एनपीके का छिड़काव करें: डॉ. देवीलाल

कृषि वैज्ञानिक डॉ. देवीलाल ने बताया कि किसानों को गेहूं की फसल में एनपीके का छिड़काव करना चाहिए, जिसमें नाइट्रोजन और पोटेशियम का अनुपात कम है, इसलिए ये सभी फसलों और फसल चक्र के सभी विकास चरणों के लिए उपयुक्त है। यह पौधों के पोषक तत्वों के अवशोषण और उपयोग को बढ़ाता है, ये पर्यावरणीय तनावों के प्रति पौधों की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। फरवरी में पानी कम मिलने के कारण नहरें जल्द बंद हो गई और सिंचाई नहीं हो पाई। फसलों में पर्याप्त सिंचाई नहीं होने की वजह से फसलों की पैदावार घटेगी और किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

## विद्यानगर में बंद मकान को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों की चोरी



**भिवानी।** विद्या नगर स्थित शिवाजी मार्ग की गली नंबर 10 में बीती रात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बना लिया। चोर ताले तोड़कर घर में घुसे और हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। मकान मालिक जगपाल पिलानियां का परिवार शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाहर गया हुआ था। इसी दौरान चोरों ने सूने घर को निशाना बनाया। आज सुबह पड़ोसियो ने दरवाजों के ताले टूटे देखे तो पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की 112 नंबर गाड़ी मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मौके पर फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को भी बुलाया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। चोरी की सूचना परिवार को दी गई तो करीब दोपहर को पहुंचे तो उन्होंने बताया कि 15 तोला सोने के आभूषण और डेढ़ लाख कैश घर में रखा था जो चोरी हो चुका है।



# भूत बंगला से सामने आया अक्षय का नया लुक...

**मुंबई।** अक्षय कुमार की आगामी फिल्म 'भूत बंगला' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म के जरिए अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हिट जोड़ी 16 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। मंगलवार को मेकर्स ने फिल्म का एक नया मोशन पोस्टर जारी किया है। मेकर्स की ओर से जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर में अक्षय कुमार एक डरावने सिंहासन पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस सिंहासन पर डरावने भूतों के सिर बने हुए हैं, जो मुंह फैलाते नजर आ रहे हैं।आंखों पर काला चश्मा लगाए अक्षय अपने गले और हाथों में कई रुद्राक्ष और अन्य मालाएं पहने हुए हैं।

लाइफ Style

# तमन्ना
## खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड किया लॉन्च

एजेंसी ⏭ मुंबई

तमन्ना भाटिया ने हाल ही में अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड 'तमन्ना फाइन जूलरी' लॉन्च किया है। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह ने कहा- अगर आप शार्क टैंक इंडिया में होतीं तो मैं अपने सारे निवेश आपके ब्रांड में लगा देती।'

बॉलीवुड में ऐसे सितारों की कोई कमी नहीं जो एक्टिंग के साथ-साथ अलग-अलग तरह के बिजनेस में भी अपनी पहचान बनाने में जुटे हुए हैं। हाल ही में तमन्ना भाटिया ने भी इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है, जिसमें उन्होंने 'तमन्ना फाइन जूलरी' नाम से अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड लॉन्च किया है। हाल ही में एक बातचीत में तमन्ना ने भारत में कई सेलिब्रिटी-आधारित ब्रांड की असफलता पर बात करते हुए कहा कि खुद को वैसी असफलता से बचाने के लिए अपने ब्रांड के साथ शुरू से अंत तक गहराई से जुड़ी रहने के लिए तैयार हैं। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह के पॉडकास्ट पर बातचीत करते हुए तमन्ना ने कहा, 'मैं खुद को एक सेलिब्रिटी के रूप में नहीं देखती जो ब्रांड बना रही है। मैं खुद को एक फाउंडर के रूप में देखती हूं, जो इस ब्रांड को खड़ा करने की कोशिश कर रही है। कोई भी सिर्फ मेरे चेहरे के लिए इस तरह के महंगे उत्पाद में पैसा नहीं लगाएगा। मैं प्रॉडक्ट के प्रति ईमानदार हूं और अगर मेरा मकसद सिर्फ पैसा कमाना होता तो मैं कोई और कैटिगरी चुन सकती था। मैं इसकी जगह कोई ऐसा प्रॉडक्ट बना सकती थी जो बहुत फेमस होता और लोगों को खूब बिकता।'



हॉलीवुड मसाला



# अभिनय की दुनिया से खास नाता

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर एक्टर रॉबर्ट कैराडाइन ने 71 वर्ष की आयु में अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। 'रिवेंज ऑफ द नर्ड्स 'और 'लिजी मैकगायर' ने एक्टर को काफी पॉपुलर कर दिया था। रॉबर्ट अपने मानसिक स्वास्थ से काफी समय से जूझ रहे थे। रॉबर्ट कैराडाइन घर के सबसे छोटे बेटे थे। उनके पिता जॉन कैराडाइन एक मशहूर अमेरिकी अभिनेता थे। एक्टर के परिवार के ज्यादातर सदस्य फिल्मी दुनिया का हिस्सा रहे हैं। 1972 में जॉन वेन के साथ फिल्म 'द काउबॉयज' के साथ अपने अभिनय की शुरुआत की थी।



# इंडिया में परफॉर्म करने के लिए तैयार शकीरा...

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार शकीरा इस साल भारत में फिर से एक बार शानदार परफॉरमेंस देने वाली हैं। इस बात की पुष्टि होने के बाद उनके फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। उन्होंने पिछली बार 2007 में इंडिया में परफॉर्म किया था। अब 19 साल बाद फिर से शकीरा अपना जलवा बिखेरने इंडिया आ रही हैं। लैटिन पॉप की ग्लोबल स्टार शकीरा इस अप्रैल भारत में लगभग 19 साल बाद धमाकेदार वापसी करने जा रही हैं। दिल्ली और मुंबई में शकीरा का कॉन्सर्ट होने वाला है। 2007 में अपने 'ऑरल फिक्सेशन टूर' के दौरान मुंबई में यादगार शो करने के बाद यह उनका पहला बड़ा कॉन्सर्ट होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनका दिल्ली कॉन्सर्ट 15 अप्रैल 2026 को होने की संभावना है, हालांकि आयोजक जल्द ही इसकी आधिकारिक तारीख की घोषणा करेंगे।



# ईशा की इश्कां दे लेखे का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** भारतीय एक्ट्रेस , मॉडल, डांसर, लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बिग बॉस 17 फेम ईशा मालवीय की पहली फिल्म 'इश्कां दे लेखे' का ऑफिशियल ट्रेलर सोमवार को रिलीज कर दिया गया। एक्ट्रेस रोमांटिक पंजाबी फिल्म से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। चैनल ने मूवी का ट्रेलर रिलीज करते हुए डिस्क्रिप्शन में लिखा, 'एक बार फिर प्यार में पड़ने के लिए तैयार हो जाइए! स्पीड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत करता है 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित पंजाबी प्रेम कहानी 'इश्कां दे लेखे' का ट्रेलर। शानदार गुरनाम भुल्लर और खूबसूरत ईशा मालवीय अभिनीत यह पंजाबी फिल्म उन सभी लोगों के लिए बनाई गई है, जिन्होंने कभी दिल से प्यार किया है।' मनवीर बरार की निर्देशित, 'इश्कां दे लेखे' बड़े पर्दे पर पंजाबी रोमांस को एक नई परिभाषा देने के लिए तैयार है।



# राजामौली-महेश में हुआ झगड़ा...

**मुंबई।** रामगोपाल वर्मा ने अपने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर एक वीडियो मंगलवार को पोस्ट किया। इस वीडियो में बाहुबली फेम डायरेक्टर एसएस राजामौली और साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू जमकर लड़ रहे हैं। एक-दूसरे को पटपटकर मार रहे हैं। आखिर दोनों ऐसा क्यों कर रहे हैं। और इस बात को लेकर क्यों रामगोपाल वर्मा कह रहे हैं कि सिनेमा मर चुका है। दरअसल यह वीडियो किसी ने एआई से बनाया है। यह वीडियो बिल्कुल रियल और मजेदार लग रहा है। लेकिन एक निर्देशक होने के नाते रामगोपाल वर्मा को यह बात पसंद नहीं आई है। सिनेमा में एआई के ऐसे दखल से वह शायद नाराज हैं, इस वजह से उन्होंने पोस्ट में लिखा- सिनेमा मर चुका है। रामगोपाल वर्मा से पहले कई डायरेक्टर्स ने सिनेमा में एआई के इस्तेमाल पर सवाल किए।

टीवी मसाला



# कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है सूबेदार : अनिल

**मुंबई।** अनिल कपूर की मच-अवेटेड फिल्म 'सूबेदार' अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर के लिए तैयार है। सोमवार को मुंबई में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हुआ। इस मौके पर अनिल कपूर ने 'सूबेदार' में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया।अनिल कपूर ने कहा, 'यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है। यह रोल मेरे लिए मेरे कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है। मैंने इसे हमेशा की तरह पूरे दिल और जान से किया है। मैंने अपनी तरफ से कड़ी मेहनत की है। जैसा कि मैं हमेशा करता हूं। मुझे उम्मीद है कि आपको यह फिल्म और हमारा काम पसंद आएगा।' ट्रेलर में दिखाया गया है कि अनिल कपूर एक रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर के रोल में हैं। वह एक शहर में आते हैं, जहां गुंडाराज चल रहा है। मोना सिंह एक माफिया यानी दीदी के रोल में हैं। उसका एक भाई है, जो लोगों पर जुल्म करता है। एक दिन वह अनिल कपूर की बेइज्जती कर देता है। उसके बाद एक्शन शुरू होता है। सूबेदार एक एक्शन फिल्म है। इसका निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है। इसमें अनिल कपूर के अलावा मोना सिंह, राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, मोना सिंह, आदित्य रावल, फैजल मलिक और खुशबू सुंदर भी हैं। यह फिल्म 5 मार्च को स्ट्रीम होगी। सूबेदार के अलावा अनिल कपूर कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। वह पिछले साल फिल्म 'वॉर 2' में नजर आए थे।


## शादी की चर्चा के बीच दुबई में नजर आई तान्या

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 फेम तान्या मित्तल हाल ही में लहंगे की शॉपिंग करती नजर आईं। जिसके बाद उनकी शादी को लेकर अटकलें लगनी लगीं। इसी बीच अब वह दुबई में हैं। एक वीडियो भी तान्या मित्तल ने साझा किया है। तान्या मित्तल ने रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। अपनी अमीरी के किस्से वह शो में सुनाया करती थीं। हाल ही में वह दिल्ली के चांदनी चौक में लहंगे खरीदती दिखीं। लाल रंग का लहंगा भी तान्या से ट्राई किया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर मौजूद है। इसके बाद ही तान्या मित्तल के फैंस को लगा कि वह शादी करने वाली हैं। दुबई का वीडियो देखकर भी तान्या से फैंस ने पूछा कि वह अपने दूल्हे से कब मिलवा रही हैं। तान्या मित्तल अक्सर कहती हैं कि वह काफी अमीर हैं। लेकिन कई लोगों को लगता है कि वह झूठ बोलती हैं। लेकिन सोमवार को तान्या ने दुबई का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह एक आलीशान होटल में ठहरी हैं और काफी महंगा ब्रेकफास्ट कर रही हैं।



# शहंशाह अकबर के रोल के लिए नंगे पैर गर्म रेत पर चलते थे पृथ्वीराज कपूर

*नई दिल्ली। पृथ्वीराज कपूर के पोते जतिन कपूर ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 'मुगल-ए-आजम' में मशहूर 'शहंशाह वाली चाल' के पीछे की दिलचस्प और प्रेरणा देने वाली कहानी बताई। उन्होंने बताया कि फिल्म में मशहूर एक्टर की चाल पूरी लगन और लगातार प्रैक्टिस से पूरी हुई। पृथ्वीराज कपूर के लगन के बारे में बताते हुए जतिन ने कहा, 'फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में, पहले ही सीन में शहंशाह को तपती रेगिस्तान की रेत में नंगे पैर चलते हुए दिखाया गया है। उस वॉक के लिए, मेरे नानाजी पृथ्वीराज कपूर ने बहुत रिहर्सल की थी। मुंबई की गर्मी में वह मुंबई के जुहू बीच पर 300 से 400 मीटर तक गर्म रेत पर नंगे पैर चलने की प्रैक्टिस करते थे।'*



## ज़िंदगी में कई शानदार रोल किए

अपने नानाजी के पैशन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, 'पृथ्वीराज कपूर ने अपनी जिंदगी में कई शानदार रोल किए। उनकी तैयारी के पीछे की कहानियां भी उतनी ही शानदार हैं। जो इंसान अपने काम से सच्चा प्यार करता है और उसके लिए पैशन रखता है, वह किसी भी हद तक जा सकता है। उन्होंने अपने काम के प्रति अपने प्यार और डेडिकेशन के लिए अपने पैरों की कुर्बानी दे दी। अपना नोट खत्म करते हुए, जतिन ने कहा, 'सुनने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद. मैं आप सभी का शुक्रगुजार हूं. मैं हमेशा रहूंगा।

## चप्पल पहनने से मना कर दिया

उन्होंने आगे बताया, 'जब सीन आखिरकार शूट हुआ, तो वह बिल्कुल वैसा ही था जैसा बताया गया था। यहां तक कि क्लोज-अप शॉट्स में भी, जहां उनके पैर नहीं दिख रहे थे। उन्होंने चप्पल पहनने से मना कर दिया। वह पूरी तरह असली दिखना चाहते थे। वॉक को फाइनल करने के प्रोसेस के बारे में बात करते हुए, जतिन ने कहा, कई दिनों तक प्रैक्टिस करने के बाद, उन्होंने पृथ्वी थिएटर के अपने कुछ साथियों को बुलाया और उन्हें अपनी वॉक देखने के लिए वहां खड़ा कर दिय।. वह बार-बार चलते रहे, जब तक किसी ने यह नहीं कहा कि अब ऐसा नहीं लग रहा कि पृथ्वीराज कपूर चल रहे हैं, बल्कि खुद शहंशाह चल रहे हैं। तभी उन्होंने वह चाल ठीक की।

# अमिताभ ने दिखाई कल्कि 2 के सेट की तस्वीरें


**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने 83 साल की उम्र में भी काफी एक्टिव हैं। उन्होंने अब नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल के लिए शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म 'कल्कि' में अमिताभ बच्चन पौराणिक किरदार अश्वत्थामा के रोल में दिखे थे। अब अमिताभ ने 'कल्कि 2' की शूटिंग शुरू कर दी है अमिताभ बच्चन ने 'कल्कि 2' के सेट से अपनी कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में से एक में वो कमल हासन से गले लगते दिख रहे हैं। पर्दे के पीछे की इन तस्वीरें को शेयर करते हुए उन्होंने 40 साल बाद कमल हासन के साथ फिर से काम करने पर खुशी जाहिर की है। इस बार अमिताभ करीब चार दशकों के बाद एक कमल हासन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। अमिताभ ने इन झलकियों को शेयर करते हुए लिखा है, 'और महान कमल हासन से मुलाकात... हम सालों बाद साथ काम करेंगे। उन्होंने बताया कि आखिरी बार फिल्म 'गिरफ्तार' में दोनों ने साथ काम किया था। यानी साफ है कि पिछली फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों एक्टर की मुलाकात नहीं हो पाई। अमिताभ ने फिल्म को



लेकर कहा है, 'कल्कि 2 ने काम शुरू कर दिया है... और रविवार को उनकी उपस्थिति की प्रतीक्षा में हमेशा प्यार और स्नेह को संजो कर रखेंगे... लेकिन उम्मीद है कि आने वाले रविवार को हम सभी के साथ होंगे।' यहां बता दें कि इस शूटिंग की वजह से पिछले रविवार को अमिताभ अपने फैन्स से मिलने घर से बाहर नहीं निकले थे और बरसों की परंपरा टूट गई।

## परिवार को नहीं था मंजूर संगीत का रास्ता
# 6 रुपए में गाया पहला गाना, दर्द भरी आवाज से जीता देश का दिल

*नई दिल्ली। भारतीय फिल्म संगीत की दुनिया में कुछ आवाजें समय के साथ पुरानी नहीं पड़तीं, बल्कि और गहरी होती चली जाती हैं। ऐसी ही दिल को छू लेने वाली आवाज थी तलत महमूद की। उनकी गायकी में दर्द भी था, मिठास भी थी, और शायरी की खूबसूरती भी, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि जिस आवाज ने लाखों लोगों के दिल जीते, कभी उसी आवाज को अपने पहले गाने के लिए सिर्फ छह रुपए मिले थे। तलत महमूद का जन्म 24 फरवरी 1924 को लखनऊ में एक रूढ़िवादी मुस्लिम परिवार में हुआ था। उनके परिवार में संगीत को अच्छा पेशा नहीं माना जाता था, लेकिन बचपन से ही तलत को गाने का शौक था। वे रात-रात भर चलने वाले संगीत कार्यक्रमों में बैठते और बड़े गायकों को ध्यान से सुनते थे। कम उम्र में ही उनकी आवाज में एक अलग तरह की मिठास थी. यही मिठास आगे चलकर उनकी पहचान बनी।*




## मीर और दाग जैसे शायरों की गजलें गाते थे

उन्होंने ऑल इंडिया रेडियो, लखनऊ से गाना शुरू कर दिया। वे मीर और दाग जैसे शायरों की गजलें गाते थे। साल 1941 में उनका पहला गाना रिकॉर्ड हुआ। यह गाना ग्रामोफोन कंपनी एचएमवी के लिए था और इसके बदले उन्हें महज 6 रुपए मेहनताना मिला था। आज के समय में यह रकम बहुत छोटी लगती है, लेकिन उसी छोटे से भुगतान ने एक बड़े सफर की शुरुआत की। उनकी आवाज इतनी पसंद की गई कि लोग उनसे और गानों की मांग करने लगे।

## कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया

1944 में उनका गाना 'तस्वीर तेरी दिल मेरा बहला न सकेगी' काफी लोकप्रिय हुआ। इसके बाद वे कलकत्ता चले गए, जहां उन्होंने कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया और गाने भी गाए। उस दौर में वे 'तपन कुमार' नाम से भी गाते थे। 1949 में वे मुंबई आ गए और यहीं से उनका असली सुनहरा दौर शुरू हुआ। 1950 और 1960 के दशक में वे हिंदी फिल्मों के सबसे पसंदीदा गायकों में गिने जाने लगे। उनके गाने इतना न मुझसे तू प्यार बढ़ा, फिर वही शाम, वही गम, ये हवा ये रात, मिलते ही आंखें दिल हुआ दिवाना और तस्वीर बनाता हूं जैसे गाने लोगों के दिलों में उतर गए।



## पद्म भूषण से हुए सम्मानित

उन्हें 1992 में भारत सरकार ने पद्म भूषण से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके लंबे और शानदार योगदान की पहचान था। उन्होंने लगभग चार दशकों तक गाया और सैकड़ों गीतों को अपनी आवाज दी। 9 मई 1998 को 74 साल की उम्र में उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी आवाज आज भी रेडियो, टीवी और संगीत प्रेमियों के दिलों में जिंदा है।

## दिलीप कुमार के लिए कई गानों में आवाज दी

उनकी आवाज अभिनेता दिलीप कुमार पर खास तौर पर जंचती थी। उन्होंने दिलीप कुमार के लिए कई गानों में आवाज दी, जिनमें 'हमसे आया न गया', ऐ दिल मुझे ऐसी जगह ले चल, हम दर्द के मारों का, कोई नहीं मेरा इस दुनिया में और सीने में सुलगते हैं अरमां जैसे गाने शामिल हैं। तलत महमूद की खास बात यह थी कि वे गानों के बोल को बहुत ध्यान से पढ़ते थे। अगर उन्हें शब्द अच्छे नहीं लगते तो वे गाना गाने से मना कर देते थे। हालांकि, समय के साथ संगीत का रुख बदला और तेज, ऊंची आवाज वाले गीत ज्यादा पसंद किए जाने लगे। इससे उनका कॅरियर थोड़ा धीमा पड़ गया, लेकिन उनकी पहचान कभी कम नहीं हुई।

**खबर संक्षेप**



## प्रदेश सरकार पर बरसे विधायक राजबीर

**लोहारू।** मंगलवार को चंडीगढ़ विधानसभा भवन के पास नेता प्रतिपक्ष चौ भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र की उपस्थिति में आयोजित न्याय पद यात्रा में लोहारू के कांग्रेस विधायक राजबीर फरटिया भी शामिल हुए और सरकार के खिलाफ जमकर गरजे। विधायक राजबीर फरटिया ने कहा कि प्रदेश में विकास का झूठा ढिंढोरा पीटने वाले भाजपा सरकार में पिछले 11 वर्षों के दौरान प्रदेश बदहाली के कगार पर पहुंच गया है। उन्होंने नौकरियों के नाम पर युवाओं के साथ विश्वासघात किया जा रहा है। कौशल का बहाना बनाकर युवाओं के साथ छल किया जा रहा है। जबकि बाहरी लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार की धान खरीद में अनियमितताएं हैं, खाद किल्लत किसानों की सबसे बड़ी समस्या बन गई, बीपीएल कार्डों पर कैंची चलाई जा रही है तथा लाडो लक्ष्मी योजना व आयुष्मान योजनाएं प्रशासनिक उदासीनता की भेंट चढ़ चुकी हैं। रोजगार के अभाव में प्रदेश के युवा विदेशों में मजदूरी करने को पलायन कर रहे हैं। फरटिया ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा के मार्गदर्शन में हरियाणा के खोए हुए गौरव को पुनर्स्थापित करने के लिए वे लगातार संघर्ष करते रहेंगे।

## महिलाओं व लड़कियों की दौड़ के रौचक मुकाबले

# दौड़ में मीनू हिसार प्रथम और अंतिम दुधवा द्वितीय

मोनू पिटौदी टीम ने राज राईफल की टीम को हराकर 41 हजार रुपये का प्रथम इनाम जीता



चरखी दादरी। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते विजय सांगवान। फोटो : हरिभूमि



बवानीखेड़ा। प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

गांव कारी धारणी में खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन अनेक रौचक मुकाबले देखने को मिले। डॉ विजय सांगवान मंदोला ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। बॉलीवाल प्रतियोगिता सहित महिलाओं व पुरुषों की रस्साकस्सी और महिलाओं व लड़कियों की दौड़ के रौचक मुकाबले हुए। वालीवाल प्रतियोगिता में मोनू पिटौदी टीम ने राज राईफल की टीम को परास्त करके 41 हजार रुपए का प्रथम इनाम जीता और राज राइफल को द्वितीय पुरस्कार 21 हजार रुपए से सन्तोष करना पड़ा। मटका दौड़ में प्रमिला हुई प्रथम, संतोष नीमड़ व रीना नारनौल संयुक्त रूप से द्वितीय तथा मिलो हंसावास तृतीय स्थान पर विजेता घोषित की गई। 800 मीटर लड़कियों की दौड़ में मीनू हिसार प्रथम, अंतिम दुधवा द्वितीय तथा नेहा डोहका हरिया तृतीय स्थान प्राप्त किया। बुजुर्गों की दौड़ में रामभक्त पालुवास प्रथम, शादीराम अटेली द्वितीय तथा महासिंह फरटिया तृतीय स्थान पर रहे। लड़कों की 1600 मीटर दौड़ अरविंद ढिगावा ने प्रथम,आकाश कारी दास ने द्वितीय तथा अरूण धारणी ने तृतीय स्थान पर किया। 400 मीटर लड़कियों की दौड़ में हीमांशी धारणी प्रथम,रीतू द्वितीय तथा रीत कुमारी तृतीय स्थान पर रही। डा. विजय सांगवान मन्दोला ने मटकी दौड़ व लड़कियों की दौड़ के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा संजीव काकड़ौली ने विभिन्न अन्य इवेंट के विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित मल्हार में छाई मुस्कान शर्मा

- 6 प्रतियोगिताओं में दिखाया दमखम, दो प्रथम व दो द्वितीय स्थान पर रही मुस्कान

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा स्थित स्वर्गीय शहिद शंभू सिंह राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक मल्हार कार्यक्रम में मुस्कान शर्मा ने 6 प्रतियोगिताओं में चार में अपना स्थान हासिल किया जिनमें दो प्रथम व दो द्वितीय स्थान मुस्कान शर्मा ने हासिल किया। मुस्कान शर्मा के पिता जगदीप शर्मा व दादा धर्मपाल शर्मा को बेटी कि इस काबिलियत पर गर्व महसूस किया। मुस्कान शर्मा के पिता स्वयं शिक्षक तो दादा शिक्षक पद से सेवानिवृत है। तो चाचा भी शिक्षक है। मुस्कान शर्मा के चाचा बोहल हाई स्कूल के मुख्य अध्यापक संदीप शर्मा ने बताया की बेटी बहुमुखी प्रतिभा की धनी है। मुस्कान महाविद्यालय के हर कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेती है और हर प्रतियोगिता में अपनी पोजीशन हासिल करती है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रवीण ने बताया की बेटी बीएससी फाइनल ईयर में है और पिछले दिनों विज्ञान प्रतियोगिता में भी बेटी ने पूरे यूनिवर्सिटी लेवल पर अपनी पोजीशन हासिल की थी। इस अवसर पर बवानीखेड़ा नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री, नीना कुमारी, समाजसेवी मनीष शंकर, रणधीर, बिन्नू फौजी संजू, सत्यवान यादव व राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय बवानी खेड़ा की प्राचार्या संतोष भाकर, प्रवक्ता डॉ. नवीन कुमार ने भी छात्रा की सराहना करते हुए उसे सम्मानित किया।

# कार्यशाला में 91 एबीआरसी एवं बीआरपी ने लिया भाग



भिवानी। कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

- सहकर्मी शिक्षण समुदाय शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : मोनिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डाइट भिवानी की ओर से पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सहकर्मी शिक्षण समुदाय विषय पर कार्यशाला का सफल आयोजन किया।

कार्यशाला का उद्देश्य शैक्षणिक गुणवत्ता संवर्धन, सहयोगात्मक अधिगम को बढ़ावा देना तथा विद्यालय स्तर पर शैक्षिक नेतृत्व को सुदृढ़ करना था। कार्यशाला की अध्यक्षता डाइट प्रभारी मोनिका ने अपने कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में की। कार्यशाला में जिला भिवानी के सभी खंडों से कुल 91 एबीआरसी एवं बीआरपी ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साह और सहभागिता के साथ विभिन्न शैक्षिक विषयों पर विचार-विमर्श किया। कार्यशाला का मुख्य फोकस ईको टूल के 9 घटकों व 29 व्यवहारों पर आधारित रहा।

### नेतृत्व कौशल बढ़ा

प्रतिभागियों को समूहों में विभाजित कर प्रत्येक घटक एवं व्यवहार पर गहन चर्चा की। प्रत्येक समूह ने अपने विचारों एवं निष्कर्षों को प्रस्तुति के माध्यम से सांझा किया, जिससे सामूहिक अधिगम को बढ़ावा मिला। एससीईआरटी गुरुग्राम से पधारे श्री सत्य प्रकाश जी ने प्रतिभागियों की ऑनलाइन उपस्थिति सुनिश्चित की तथा डिजिटल मॉनिटरिंग प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया। डाइट बिरहीकलां चरखी दादरी से पधारे डॉ. ओमप्रकाश पवार ने ईको टूल के सभी घटकों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए उनके व्यवहारिक क्रियान्वयन की प्रभावी रणनीतियां स्पष्ट की। इसी संस्थान से पधारे विवेक कुमार भी उपस्थित रहे तथा कार्यशाला की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई। ईको टूल के घटकों एवं व्यवहारों की गहन समझ विकसित हुई। प्रतिभागियों में सहयोगात्मक अधिगम एवं नेतृत्व कौशल को बढ़ावा मिला। भविष्य में विद्यालय स्तर पर इन व्यवहारों के प्रभावी क्रियान्वयन की रूपरेखा बनाई।

## पेट्रोल-डीजल से वैट कम तथा सब्जियों व फलों से मार्केट फीस खत्म करे सरकार : जांगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम



- कांग्रेस राज में पेट्रोल पर 16 फीसदी व डीजल पर 9 फीसदी वैट लिया जाता था

हरियाणा कांग्रेस के पूर्व जिला मीडिया को आर्डिनेटर व अति पिछड़ा वर्ग के वरिष्ठ नेता जगदीश जांगड़ा झांवरी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार को घोर जनविरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि वक्त की मांग है कि राज्य में पेट्रोल व डीजल पर लगाए गए वेट को कम किया जाए।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने मौजूदा वक्त में पेट्रोल पर वेट को 26.25 प्रतिशत व डीजल पर 16.8 प्रतिशत तक बढ़ाकर जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने का काम किया है। जबकि भाजपा सरकार से पहले कांग्रेस राज में पेट्रोल पर 16 फीसदी व डीजल पर 9 फीसदी वैट लिया जाता था। उन्होंने कहा कि डीजल व पेट्रोल पर ज्यादा वैट लगाए जाने से इनकी कीमतें और ज्यादा बढ़ गई हैं। जिसका सीधा असर वाहन चालकों व आम जनता पर पड़ रहा है। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री ने राज्य में सब्जियों व फलों पर भी एक प्रतिशत मार्किट फीस लागू की है जबकि पहले सब्जियों और फलों पर मार्केट फीस नहीं ली जाती थी। उन्होंने कहा कि सब्जी और फलों पर लगाई गई मार्केट फीस से महंगाई को और ज्यादा बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से पेट्रोल व डीजल पर से तुरंत वैट कम करने व सब्जियों व फलों से मार्केट फीस हटाकर जनता को राहत देने की मांग की है।

## कई सामाजिक संगठनों ने मृत गायों का उचित ढंग से अंतिम निस्तारण नहीं करने तथा खुले गड्ढों में डालने का आरोप लगाया

- श्रीगोपाशाला की व्यवस्था से नाराज सामाजिक संगठनों के लोगों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू



लोहारू। अधिकारी को ज्ञापन देते सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि।

लोहारू समस्या समाधान सामाजिक संगठन, श्रीसनातन हिंदू जागृति संगठन और गोरक्षा दल के सदस्यों ने सोमवार को एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन देकर श्रीगोपाल गोशाला की व्यवस्थाओं पर नाराजगी जाहिर की है।

उन्होंने एसडीएम से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से सामाजिक संगठनों के प्रदीप सैनी, अक्षय शास्त्री, अनिल सोलंकी, मनीष, सचिन, साहिल, अमित, राहुल, महक बागड़ी व मनीष सोलंकी आदि ने बताया कि श्रीगोपाल गोशाला में बीमार व घायल गायों के उपचार में कथित लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। वहीं मृत गायों का उचित ढंग से अंतिम निस्तारण नहीं करने तथा उन्हें खुले गड्ढों में डाल देने का आरोप लगाया। संगठनों के प्रतिनिधियों के अनुसार, सबसे गंभीर मुद्दा मृत गोवंश के निस्तारण का है। आरोप है कि मृत गायों को वैज्ञानिक प्रक्रिया अपनाने के बजाय खुले गड्ढों में डाला जा रहा है, जिससे आसपास के क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है और संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। क्षेत्रवासियों ने भी पर्यावरण प्रदूषण और हवा में फैल रहे दूषित प्रभाव को लेकर चिंता जताई है।

उनका कहना है कि ऐसी स्थिति जनस्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा बन सकती है। नई पारदर्शी समिति का गठन किया जाए। साथ ही गौशाला की पूरी कमेटी और आय-व्यय का विवरण सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से उक्त मामले की कार्रवाई की मांग की है।

## पुराने कुएं में डूबने से युवक की जान गई

**नारनौल।** शहर में शराब के नशे में दो युवक कुएं में कूद गए। इसमें एक युवक की मौत हो गई। दूसरा युवक बच गया। बताया जा रहा है कि दूसरा युवक पहले को बचाने के लिए कूदा था। मोहल्ला महल मिश्रवाड़ा में जनस्वास्थ्य विभाग का एक बुस्टिंग स्टेशन गंदे नाले के पास छोटा बड़ा तालाब की ओर बना हुआ है। मंगलवार सुबह करीब दस बजे वहां पर बैठकर कुछ युवा शराब पी रहे थे। इनमें रविदास मंदिर के पास रहने वाला महेश कुमार नामक युवक तथा मोहल्ला मिश्रवाड़ा का सुखीराम नामक युवक शामिल था। शराब पीते-पीते अचानक रविदास मंदिर के पास रहने वाले महेश ने वहां पर बने पुराने कुएं में छलांग लगा दी। इसको देख सुखीराम ने भी उसके पीछे-पीछे छलांग लगा दी।

## बवानीखेड़ा नगर पालिका बनाएगी 50 दुकानें, बेरोजगारों को मिलेगा रोजगार

- नपा का खजाना होगा किराए से लबालब

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा नपा द्वारा नगर पालिका भूमि पर 50 दुकानें बनाने की तैयारी में है जिससे बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त होगा वहीं नपा कोष खजाने से लबालब होगा। दुकानें बनाने के लिए पूरी तरह से रणनीति बना ली गई है और मौका निरीक्षण भी कर लिया गया है। जल्द ही इस कार्य की शुरूवात करने की तैयारी की जाएगी। नगर पालिका की पहले लगभग 74 दुकानें हुआ करती थी जो तत्कालीन मुख्मयंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा 20 वर्ष से लगाकर किराए पर बैठे किरायेदारों के नाम करने के आदेश दिए थे जो लगभग सभी के नाम रजिस्ट्री करवा दी गई। उसके बाद नपा द्वारा लगभग 14 दुकानें बनाई और उसमें किराया न बढ़ाते हुए सिक्योरिटी पर बोली लगी जिससे लगभग तीन करोड़ से अधिक नपा खजाने में धनराशि आई और नपा का खजाना लबालब हो गया। मार्ग के दोनों तरफ श्मशान भूमि के पास सहित अन्य स्थान चिन्हित किए गए हैं जहां पर नगर पालिका द्वारा लगभग 50 दुकानों का निर्माण करवाया जाएगा ताकि शहर की दशा और दिशा बदल सके।

### सभी पार्षदों की सहमती बनी

नगर पालिका बवानीखेड़ा में पार्षदों की हुई बैठक के 50 दुकानें बनाने पर निर्णय लिया गया जिस पर लगभग सभी पार्षदों की सहमती बनी और इन दुकानों को बनाने पर इसे किराए पर दिए जाने पश्चात बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा वहीं नपा का कोष फिर से लबालब होगा जिससे शहर में विकास कार्य करवाया जाएगा। नगर पालिका प्रधान सुंदर अत्री की मानें तो शहीद गुलाब सिंह पार्क के पास दक्षिण दिशा में नवनिर्मित शौचालय के पास, हांसी चुंगी के पास जमालपुर दुकानों का निर्माण होगा।

## नियामतपुर-मौरूंड में कृषि मेला आज

**नांगल चौधरी।** नियामतपुर-मौरूंड में 25 फरवरी को जिला स्तरीय कृषि मेला का शुभारंभ एसडीएम उमेद सिंह करेंगे। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी सरकार द्वारा क्रियाविंत योजनाओं से किसानों को अवगत कराया जाएगा। किसानों को जलपान कराने के बाद आधुनिक संसाधनों से रूबरू कराया जाएगा। कृषि विभाग के बीएओ डॉ हरीश यादव ने बताया कि कृषि मेले में किसानों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। पशुपालन, हैफेड, बैंकिंग, बागवानी, केवीके विभाग के विशेषज्ञ किसानों को उत्पादन बढ़ाने की तकनीक का प्रशिक्षण देंगे। प्रगतीशील किसानों द्वारा स्टॉल लगाकर विकसित खेती का प्रदर्शन करेंगे।

# पांच लाख तक का मिलता है ऋण

- मातृशक्ति उद्यमिता योजना महिलाओं को स्वावलंबी में निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

महिला विकास निगम द्वारा संचालित मातृशक्ति उद्यमिता योजना महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत महिलाओं को पांच लाख रुपए तक ऋण प्रदान किया जाता है, जिसकी सहायता से महिलाएं अपना रोजगार शुरू कर जीवन उत्थान कर सकती हैं। योजना के तहत समय पर किस्तों का भुगतान करने पर तीन वर्षों तक सात प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से दी जाती है। उल्लेखनीय है कि महिलाओं के जीवन उत्थान के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं में महिला विकास निगम द्वारा संचालित मातृशक्ति उद्यमिता योजना भी प्रमुख रूप से शामिल है। अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि महिला विकास निगम के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने में बहुत ही कारगर है। इस योजना के तहत बैंकों के माध्यम से पांच लाख रुपये तक का ऋण दिलवाने की व्यवस्था की गई है।

### वार्षिक आय पांच लाख से कम हो

ऋण सहायता लेने के लिए महिला हरियाणा की निवासी होनी चाहिए और उसकी वार्षिक आय पांच लाख रुपए से कम होनी चाहिए। ऋण के लिए आवेदक के समय पर महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक पहले से लिए गए ऋण का डिफाल्टर नहीं होनी चाहिए। योजना के तहत समय पर किस्तों का भुगतान करने पर तीन वर्षो तक सात प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से दी जाएगी।

### महिलाएं कर सकती हैं विभिन्न काम

हरियाणा महिला विकास निगम की योजना के तहत डेयरिंग, उद्योग विभाग की सूची में शामिल नकारात्मक गतिविधियों को छोड़कर अन्य सभी गतिविधिया शामिल हैं। इन गतिविधियों में यातायात वाहन के तहत ऑटो रिक्शा, छोटे सामान ढोने के वाहन, थ्री व्हीकल, ई-रिक्शा, टैक्सी, सामाजिक व व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों के तहत टेलरिंग, बुटीक, ब्यूटी पार्लर, फोटोकॉपी की दुकान, पापड़ बनाना, फूड स्टॉल, अचार बनाना, हलवाई की दुकान, बिस्कुट बनाना, हैंडलूम और आइसक्रीम बनाने की यूनिट आदि बनाने का काम शुरू कर सकती हैं।

## ऑकवुड स्कूल में अभिभावक कार्यशाला का आयोजन

# बच्चों में तार्किक सोच, संवाद कौशल और नैतिक मूल्यों का विकास करें

*नई शिक्षा नीति 2020 तथा अभिभावक-विद्यालय संबंधों पर विस्तृत चर्चा की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में बच्चों , अभिभावकों के साथ में उपस्थित शिक्षक।

ऑकवुड स्कूल में अभिभावकों के लिए आज एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें नई शिक्षा नीति 2020 तथा अभिभावक-विद्यालय संबंधों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को बदलते शैक्षिक परिदृश्य से अवगत कराना और बच्चों के समग्र विकास में उनकी भूमिका को सशक्त बनाना था। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। स्कूल के प्राचार्य सज्जन भारद्वाज के प्रेरक संबोधन से हुई। उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह नीति बच्चों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता, कौशल आधारित शिक्षा और वैश्विक दृष्टिकोण को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि अब शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों में तार्किक सोच, संवाद कौशल और नैतिक मूल्यों का विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। प्राचार्य ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों पर अंकों का दबाव न डालें, बल्कि उनकी रुचियों और क्षमताओं को पहचानकर उन्हें आगे बढने के लिए प्रेरित करें। इसके बाद मुख्य वक्ता संजीव वशिष्ठ ने अभिभावक और विद्यालय के मजबूत संबंधों पर अपने विचार साझा किए।

### भावनात्मक स्वास्थ्य का ध्यान रखें

उन्होंने कहा कि बच्चे की सफलता का आधार घर और स्कूल के बीच संतुलित सहयोग पर निर्भर करता है। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने, सकारात्मक संवाद बनाए रखने और डिजिटल युग में उनके भावनात्मक स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और अच्छे संस्कार विकसित करने के लिए माता-पिता का व्यवहार सबसे बड़ा उदाहरण होता है। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने भाग लिया।

## शिविर में की 304 मरीजों की जांच



**चरखी दादरी।** मॉडल दादरी जिला बनाओ संगठन युवा विंग अध्यक्ष अधिवक्ता डॉ. अनिल बलवान साहू ने आह्वान किया कि जब किसी बड़े लक्ष्य के लिए इंसान काम करता है तो उसके मार्ग में अनेक कठिनाईयां आती है, लेकिन मानवता का भला जब जीवन का लक्ष्य बन जाता है तो कैसी भी परिस्थिति हो परमात्मा अपने आप मार्ग दिखा देता है इसलिए अगर सही रास्ते पर चले तो कठिनाईयों से घबराना नहीं चाहिए। संगठन ने गांव मकड़ाना, कपूरी, रामनगर व नगर के नीजि कोचिंग सेंटर में मेडिकल कैंप लगाए। कैंपों की अध्यक्षता डॉ. राकेश ढिल्लो, नवीन सिवाच, विजय प्रधान व हरजीत यादव ने की। मुख्यतिथि विकास शर्मा, नरेंद्र फौगाट, ऋषि रंगा व सोमबीर यादव रहे। कैंपों में आई क्यू आई केयर, निर्वाणा आई सेंटर, गीताजंलि अस्पताल की चिकित्सीय टीम संतोष, विरेंद्र, सरीन यादव, रविंद्र दहिया ने नेत्र रोग व सामान्य बीमारी के 304 मरीज जांचे व दवा वितरण हुआ। इस मौके पर अनीश, बलजीत, पुखराज, नरेश, पप्पू, रामनिवास, तरूण, जोरा, चिरंजीवी व कालू पंडित आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, सरोज पत्नी विनोद कुमार, निवासी पुराने पॉवर हाउस के सामने, पिलानी रोड, लोहारू, तह. लोहारू, जिला- भिवानी, हरियाणा बयान करती हूं कि मैंने अपना नाम बदलकर सरोज की जगह सरोज बाला (Saroj Bala) रख लिया है। भविष्य में मुझे सरोज बाला (Saroj Bala) के नाम से जाना जाए।

खबर संक्षेप

## विधायक उमेद सिंह ने विस में उठाई समस्याएं

**बाढ़ड़ा।** विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को विधायक उमेद पातुवास ने ग्रामीण विकास के लिए बजट जारी करने पर सीएम नायब सिंह सैनी का आभार प्रकट किया वहीं क्षेत्र के बकाया मुआवजे, बिजली पानी, शिक्षा सहित उपमंडल को नगरपालिका का दर्जा देने की पिछली मांगों को दोबारा उठाया। विधायक ने झोझू को उपतहसील का दर्जा देने के अलावा कादमा, बेरला, चिड़िया के महाग्राम योजना में शामिल करने व मेडिकल कालेज निर्माण तुरंत शुरु करवाने की अपील करते हुए इसी सत्र में कारी आईटीआई में कक्षाएं लगाने की मांग को बुलंद किया।

## निमड़ीवाली की तर्ज पर अरावली खनन नीति बनें

**चरखी दादरी।** सांगवान खाप के पूर्व प्रवक्ता राजेंद्र सिंह डोहकी ने कहा कि वर्ष 2014 तक जिला भिवानी के गांव निमडीवाली में लगने वाले पावर ग्रिड कार्पोरेशन आफ इंडिया के टावरों पर कोई पारदर्शी व न्यायसंगत नीति नहीं थी। वर्ष 2015 में ग्राम पंचायत, भाकियू चंढूनी ग्रुप, ग्रिड पावर के मैनेजर, उपायुक्त भिवानी व बिजली निगम ने खुलकर स्वतंत्र रूप से विचार किया, जिसकारण टावरों के लगने पर किसानों को मुआवजा की शर्तें व राशी पर लिखित समझौता हुआ। आज अरावली खनन पर भी निमडीवाली टावरों की तर्ज पर न्यायसंगत व पारदर्शी नीति अति आवश्यक है।

## पवित्र यात्रा के लिए श्याम भक्तों का जत्था रवाना

**बाढड़ा।** डाढ़ी स्थित मंदिर परिसर में श्याम भक्तों के लिए सेवा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर सेवा का पुण्य अर्जित किया। शिविर के दौरान श्रद्धालुओं को आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गईं और भक्ति-भाव के साथ पवित्र यात्रा के लिए विदा किया गया। गांव डाढ़ी व आदमपुर क्षेत्र से आए श्याम भक्तों का जत्था उत्साह और जयकारों के बीच रवाना हुआ। उपस्थित श्रद्धालुओं ने यात्रियों की सुरक्षित यात्रा और मंगलमय वापसी की कामना की।

### परीक्षा केंद्रों में ड्यूटी पर पहुंचे पर्यवेक्षक,जांची स्कूल की व्यवस्थाएं

# परीक्षा में प्रश्नपत्र का फोटो खींचा तो तत्काल बोर्ड की पकड़ में होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

25 फरवरी से शुरू होने जा रही सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी की परीक्षाओं में किसी व्यक्ति ने प्रश्नपत्र का फोटो खींचा तो तत्काल पकड़ में आ जाओगी। चूंकि सभी प्रश्नपत्रों पर अल्फा न्यूमेरिक कोड, क्यूआर कोड व हिडन सि क यो रि टी फीचर अंकित है। इन सभी जगहों पर जिस बच्चे का प्रश्न पत्र है। उस बच्चे का पहले से ही पूरा डाटा यहां पर दर्ज है। जिस वजह से शिक्षा बोर्ड तत्काल अपने कोड से बच्चे व उसके परीक्षा केंद्र के बारे में जानकारी जुटा लेगा। जानकारी लेते ही पांच मिनट में ही परीक्षा केंद्र में सम्पर्क करके बच्चे के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस बारे में पहले ही सभी शिक्षकों व बच्चों को सूचित किया गया है। शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन कुमार ने बताया कि यदि किसी परीक्षा केन्द्र से पेपर आउट होने का मामला पाया जाता है, तो उस केन्द्र के अधीक्षक, पर्यवेक्षक व नकल में संलिप्त परीक्षार्थी के विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा की सुचिता सुनिश्चित करने के लिए इस बार विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। अधिकतर परीक्षा केन्द्र सीसीटीवी कैमरो की निगरानी में रहेंगे। यह कदम पेपर लीक की संभावना को समाप्त करने और परीक्षा में पारदर्शिता लाने के लिए उठाया गया है।

**प्रश्नपत्रों पर अल्फा न्यूमेरिक कोड, क्यूआर कोड व हिडन सिक्योरिटी फीचर अंकित**



भिवानी। परीक्षा केंद्र पर परीक्षा की तैयारी जांचते हुए। फोटो: हरिभूमि

**आज से आगाज**

25 फरवरी से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होने जा रही है। जिसके तहत आज सुबह जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगी हुई है। वे सभी शिक्षक आज अपने अपने परीक्षा केंद्रों में पहुंच गए और परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया। जिसमें सभी परीक्षा केंद्रों के जंगलों व झांकियों में जाली लगी होना सुनिश्चित करने, सीसीटीवी कैमरे आदि की जांच की। साथ ही केंद्र अधीक्षकों ने जिन शिक्षकों की परीक्षा में डयूटी लगी है। उन सभी की हाजिरी भी दर्ज की गई। कई स्कूलों में सुपरवाइजर ड्यूटी पर नहीं पहुंचे। उन शिक्षकों की जगह रिर्जव में डयूटी पर पहुंचे शिक्षकों को भेजा गया। ताकि सही ढंग से परीक्षा का आयोजन करवाया जा सके।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं। फोटो: हरिभूमि

## विद्या नगर आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया गया गोद भराई दिवस

- गर्भवती महिलाओं को दी पोषण की पोटली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में तथा अतिरिक्त उपायुक्त के मार्गदर्शन में विद्यानगर द्वारा संचालित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संवर्धन कार्यक्रमों के तहत मंगलवार को भिवानी शहर खंड के विद्या नगर क्षेत्र स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं का सम्मान करते हुए उन्हें पोषण की पोटली व सतरंगी पोषण थाली भेंट की गई तथा गर्भावस्था के दौरान उचित देखभाल, संतुलित आहार और एनीमिया से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं को उपहार स्वरूप पोषण की पोटली वितरित की गई, जिसमें गुड़, चना, हरी पत्तेदार सब्जियां, आयरन की गोलियां, पोषाहार तथा विभिन्न प्रकार के फल शामिल थे। सुपरवाइजर अनीता नरवाल ने कहा कि गर्भावस्था का समय मां और शिशु दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान यदि महिला को पर्याप्त और संतुलित पोषण नहीं मिलता है तो एनीमिया सहित कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, जिससे शिशु के विकास पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

**महत्व बताया**

कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गर्भकाल के दौरान आवश्यक पोषण उपलब्ध कराने के महत्व से अवगत कराना तथा स्वस्थ मां और स्वस्थ शिशु के लक्ष्य को साकार करना रहा। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

## माधव और हर्षिका की टीम अव्वल

- लिटल हार्टस पब्लिक स्कूल में गणित व विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

लिटल हार्टस पब्लिक स्कूल, भिवानी में पाँचवी कक्षा की गणित व विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एम.डी. पवन गोयल व भावना गोयल ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होने बताया कि इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से विज्ञान व गणित विषय से संबंधित प्रश्न किये गए जिनका विद्यार्थियों ने बड़ी तत्परता से उत्तर दिया।



भिवानी। आयोजित प्रतियोगिता में उपस्थित बच्चे। फोटो: हरिभूमि

**नायरा, पलक और विहान की टीम द्वितीय**

प्रतियोगिता में टीम ए के माधव, हर्षिका, युग, अनन्या ने अपनी अद्भुद प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान, टीम डीके नायरा, सक्षम, पलक, विहान ने द्वितीय स्थान व टीम एफ के देव, प्रियांश, रितिक, यशवी, मीर सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किये। निदेशिका ऐश्वर्या सिंघल, निदेशक रामानन्द सिंगल, राहुल गोयल, विनय गोयल व निश्चल गोयल ने विद्यार्थियों की अद्भुत प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए उन्हे प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्राचार्य दीपक जोशी, उप-प्राचार्य मनमोहन चावला, को-ओर्डिनेटर मिनाक्षी मेहरा, रितु, रेणु सोनी, मिनाक्षी हंस, निशा रानी, कामना, सुरेखा, हिना सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

## जागरूकता से ही रुकेंगे बाल विवाह: रोहतास

- राजकीय वमा विद्यालय समसपुर में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजीव काजला के मार्गदर्शन में गांव समसपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक प्रभावी कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता रेनू सांगवान एवं अधिकार रक्षक रोहतास शर्मा ने विद्यार्थियों को बाल विवाह निषेध अधिनियम 2025 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। रेनू सांगवान एवं रोहताश शर्मा ने स्पष्ट किया कि बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के लिए केवल कानून पर्याप्त नहीं, बल्कि समाज की जागरूक भागीदारी भी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी इस विषय में सचेत करें।



चरखी दादरी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को क़ानूनी जानकारी देते हुए।

**जानकारी दी**

पैनल अधिवक्ता रेनू सांगवान ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों एवं प्रचलित कानूनों के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे सजग नागरिक के रूप में समाज में सकारात्मक भूमिका निभा सकें। विद्यालय प्राचार्य सुरेंद्र कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ कानूनी ज्ञान भी विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मौलिक अधिकारों, निःशुल्क कानूनी सहायता योजनाओं तथा लोक अदालतों की भूमिका के बारे में भी जानकारी दी गई।

## धारणी ओपन वालीबाल स्पर्धा में मोनू पटौदी प्रथम रही

- कारी धारणी में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढड़ा

गांव कारी धारणी में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन गांव कारी धारणी में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, बच्चों की दौड़, बुजुर्ग दौड़, रस्साकशी, मटका दौड़ आदि विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाडियों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़र भाग लिया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में लगभग 18 टीमों ने भाग लिया, जिसमें मोनू पटौदी की टीम प्रथम विजेता रही तथा राज राइफल की टीम द्वितीय स्थान पर रही। खिलाडियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि एसडीएम लोहारु मनोज कुमार दलाल, सुनील कुमार, विकास अधिकारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं की प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम हैं और खेलों से अनुशासन व टीम भावना विकसित होती है।

## कारगर साबित हो रही मातृशक्ति उद्यमिता योजना : उपायुक्त

**चरखी दादरी।** प्रदेश सरकार महिलाओं को सशक्त, स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिनके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता से लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाती है। उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने बताया की हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिरण की दिशा में हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है।

- मातृशक्ति उद्यमिता योजना से आत्मनिर्भर होंगी महिलाएं

इस योजना का लाभ महिलाओं को केवल तभी प्रदान किया जाएगा जब उनकी पारिवारिक आय 5 लाख या फिर इससे कम हो, साथ ही महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह पूर्व के किसी ऋण मामले में डिफाल्टर नहीं होनी चाहिए। महिला का हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है।

## मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी दी

- चौधरी बंसीलाल कॉलेज में दो दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला सम्पन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में एन.टी.एफ. प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार पर उसका प्रभाव विषय पर आयोजित दो दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला मंगलवार को संपन्न हो गई। कार्यशाला में अमेरिका से प्रख्यात विशेषज्ञ डॉ. हमेश यादव वर्चुअल माध्यम से जुड़े तथा विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण एवं भावनात्मक संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ मुकेश कुमार चहल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला के दौरान मनोवैज्ञानिक डॉ. चंद्रभान यादव ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न आयामों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास का आधार है, जो उसके विचारों, भावनाओं एवं व्यवहार को संतुलित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक तनाव, चिंता एवं अवसाद से बचने के उपाय बताते हुए सकारात्मक सोच, आत्म-नियंत्रण एवं भावनात्मक संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. नवीन कुमार ने साइबर सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य विषय पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने डिजिटल युग में साइबर अपराधों, ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर बुलिंग एवं सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि साइबर असुरक्षा एवं सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग मानसिक तनाव, चिंता एवं आत्मविश्वास में कमी का कारण बन सकता है।



लोहारू। चौ बंसीलाल कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार पर उसका प्रभाव विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो: हरिभूमि

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में एन.टी.एफ. प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. पूनम के अलावा डॉ सुखबीर, डॉ बजरंग, डॉ उमेद जांगिड़, अनिरूद्ध पूनिया, विजय, डॉ रमेश, डॉ प्रीति, मोनिका, स्नेहा, अभिता, डॉ डीएन भट्टी, दिनेश कुमार, डॉ रहमान खान, डॉ अशोक कुमार, डॉ. मिनेश कुमारी, सेनिका, अजय, सरिता, ओमबीर व बाला सहित स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी मौजूद रहे।



भिवानी। महम रोड स्थित मैकेनिकल कार्यालय में बैठक को संबोधित करते कामरेड ओमप्रकाश। फोटो: हरिभूमि

## आठ मार्च को जनसंगठन मिलकर मनाएंगे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को संयुक्त रूप से मैकेनिकल कार्यालय महम रोड में मनाने का निर्णय लिया है, ये निर्णय शहीद भगतसिंह यादगार भवन में जनसंगठनों की संयुक्त बैठक में लिया। बैठक की अध्यक्षता जनवादी महिला समिति की जिला प्रधान बिमला घणघस ने की व संचालन अनुराधा ने किया।

संयुक्त बैठक में सीटू नेता अनिल कुमार, भीम सिंह, सर्व कर्मचारी संघ नेता सुमेर सिंह आर्य, रिटायर्ड कर्मचारी नेता मास्टर वजीरसिंह, राजबीर, नरेश शर्मा, किसान सभा नेता कामरेड ओमप्रकाश, रामफल देशवाल, हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति नेता नरेश कुमार मालीवाल, जनवादी नौजवान सभा नेता अनुराग शामिल हुए। बैठक में तय किया कि आठ मार्च को मैकेनिकल कार्यालय में सेमिनार आयोजित किया जायेगा। सेमिनार को जनवादी महिला समिति की राज्य नेत्री व जनसगठनो के नेता संबोधित करेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### गांव में कब्रिस्तान, खेलों के सामान, स्कूल अपग्रेड, बिजली तार बदलवाने आदि की समस्याएं आई

# ग्रामीण समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर होगा समाधान, गांव मैहड़ा में प्रशासन ने सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने कहा कि प्रशासन जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और ग्रामीणों की सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

उपायुक्त सोमवार देर सांय जिला के मैहड़ा गांव के राजकीय विद्यालय में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने मौके पर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा रात्रि ठहराव कार्यक्रम में उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन समस्याओं के तुरंत समाधान के निर्देश दिए। गांव में कब्रिस्तान, खेलों के सामान, स्कूल अपग्रेड, बिजला तार बदलवाने आदि समस्याएं आई। उपायुक्त ने ने ग्रामीणों से रूबरू होते हुए कहा कि हरियाणा सरकार के सुशासन के उद्धेश्य में रात्रि ठहराव कार्यक्रम महत्वपूर्ण कड़ी है। अंत्योदय उत्थान के ध्येय में यह एक परिवर्तनकारी प्रयास है जिसका उद्देश्य प्रभावी शासन को ग्रामीण लोगों के करीब लाना है। जनसेवा को समर्पित समाधान शिविर के साथ ही लोगों के घर द्वार उनकी जन सुनवाई करने के उद्देश्य से रात्रि ठहराव कार्यक्रम करवाए जाते हैं।



चरखीदादरी। रात्रि ठहराव में ग्रामीणों की सुनते उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल

**योजनाओं की जानकारी दी**

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर उपायुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए सूचना व सेवा स्टॉल का अवलोकन किया। जहां ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य और आयुष विभागों ने स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने संबंधित विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दी। विभागों द्वारा मौके पर स्टॉल लगाकर पात्र व्यक्तियों को लाभ भी प्रदान किया गया।

**फ्लैगशिप प्रोग्राम**

उन्होंने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम सरकार का फ्लैगशिप प्रोग्राम है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में सरकार द्वारा रात्रि ठहराव कार्यक्रम के माध्यम से आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच है कि जिला प्रशासन के अधिकारी गांव में ठहरें और जन समस्या सुनते हुए मौके पर ही उनका समाधान करें। कार्यक्रम के दौरान एसपी अर्श वर्मा और एसडीएम योगेश सैनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।